सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक 19.04.2024

एसओजी/सर्विलांस एवं कोतवाली कोंच पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा अंतर्जनपदीय लूट व टप्पेबाज़ी गिरोह के 03 शातिर अभियुक्त को चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ़्तार किया गया। अवैध असलाह ज़िंदा व खोखा कारतूस तथा 21 हज़ार 200 रुपए नगद बरामद। गिरफ्तार अभियुक्तों में से 2 शातिर अभियुक्त गोली लगने से घायल हुए हैं।

जनपद में विगत दिनों से मंदिर व बाजार जाते समय लूट और टप्पेबाजी आदि की घटनाएँ प्रकाश में आ रही थी। जिस पर एसओजी/सर्विलांस व जनपदीय पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ़्तारी का प्रयास किया जा रहा था। उक्त संबंध में कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमे कई संदिग्ध प्रकाश में आये जिसके आधार पर मुखविर मामूर किए गए थे। इसी क्रम में आज दिनांक 19.04.2024 को एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना कोंच पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर कैलिया रोड पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान बाइक सवार अभियुक्तों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा बाईपास रोड पर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फ़ायरिंग की गई जिसमे टीम बाल बाल बची। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फ़ायरिंग की गई जिसमे 2 अभियुक्त गोली लगने से घायल हुए तथा एक अन्य अभियुक्त गिरफ़्तार हुआ। अभियुक्तों के पास से 03 अवैध असलाह ज़िंदा व खोखा कारतूस तथा 21200/- रुपए नगद, बाइक आदि सामान बरामद हुआ। घायल दोनों अभियुक्तों शेरे अली उर्फ़ शेरू व शरीफ़ को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया की वे जनपद जालौन व उसके आस पास के जनपदों में मन्दिर व बाजार आती जाती महिलाओं को टारगेट करके उनको झांसा देकर बाइक आदि पर बैठाकर टप्पेबाजी व लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी-

1- 03 तमंचा देशी 315 बोर

2- 05 ज़िंदा कारतूस 315 बोर व खोखा कारतूस

3- 21200/- रुपए नगद

4- एक मोटरसाइकिल

नाम पता गिरफ़्तार अभियुक्तगण-

1. शेरे अली उर्फ शेरू पुत्र अंगूर अली निवासी जल्लापुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात
2. शरीफ पुत्र रज्जाक अली निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जनपद कानपुर देहात हाल पता ब्लाक न 36 कमरा न 228 आलमचंद पुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात
3. मोनू पुत्र बशीर खां निवासी जल्लापुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात

वांछित अभियुक्त-

1. नसीम पुत्र करिया निवासी जल्लापुर थाना राजपुर कानपुरदेहात

अपराधिक इतिहास शेरे अली उपरोक्त-

1. मु०अ०स० -187/18 धारा 379/420/406/411 IPC थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात
2. मु०अ०स० -204/2021 धारा 323/504/506 IPC थाना रूरा जनपद कानपुर देहात
3. मु० अ०स० -203/2022 धारा 328/392/411 IPC थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया
4. मु०अ०स०- 547/2022 धारा 379/411 IPC थाना कोतवाली औरैया थाना औरैया
5. मु०अ०स० -150/2022 धारा 379/ 411 IPC थाना ऐरबा कटरा जनपद औरैया

6-मु०अ०स०-241/22 धारा 392/411 आईपीसी थाना बिधूना जनपद औरैया

7- मु०अ०स०-257/22 धारा 392/411 आईपीसी थाना अजीतमल जनपद औरैया

8- मु०अ०स०68/24 धारा 392 आईपीसी थाना कोंच जनपद जालौन

9- मु०अ०स०71/24 धारा 379 आईपीसी थाना कोंच जनपद जालौन

अपराधिक इतिहास शरीफ उपरोक्त-

1. अ०स० 132/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रूरा जनपद कानपुर देहात
2. अ०स० 177/23 धारा 147/323/452/504/506 IPC थाना रूरा जनपद कानपुर देहात
3. मु०अ०स०68/24 धारा 392 आईपीसी थाना कोंच जनपद जालौन

4- मु०अ०स०71/24 धारा 379 आईपीसी थाना कोंच जनपद जालौन

अपराधिक इतिहास मोनू उपरोक्त-

1. अ०स० 73/21 धारा 323/504/506/34 IPC थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात
2. मु०अ०स०68/24 धारा 392 आईपीसी थाना कोंच जनपद जालौन

3-मु०अ०स०71/24 धारा 379 आईपीसी थाना कोंच जनपद जालौन

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1- प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम।

2- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोंच मय टीम।